भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 662
06.02.2023 को उत्तर के लिए

सीएनजी पर अनुसंधान

662. श्री राजेन्द्र धेड्या गावित:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह स्थापित करने के लिए कोई व्यापक स्वदेशी अनुसंधान किया गया है कि सीएनजी एक हरित ईंधन है और इससे पेट्रोल/डीजल की तुलना में पर्यावरण प्रदूषण नहीं होता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि सीएनजी विशेषकर शहरी क्षेत्रों में अति सूक्ष्म कणों और अमोनिया उत्पन्न करती है जो मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकते हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में वाहन चलाने के लिए सीएनजी के उपयोग की समीक्षा करने का समय आ गया है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (घ) ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) ने वर्ष 2005 के बाद वाले वाहनों के लिए उत्सर्जन कारकों के सृजन के लिए वर्ष 2018 में प्रयोग किए जा रहे वाहनों की विभिन्न श्रेणियों की जांच की थी। इस अध्ययन को भारी उद्योग विभाग (डीएचआई), भारत सरकार द्वारा वित्त-पोषित किया गया था। इस परीक्षण तालिका (मैट्रिक्स) में गैसोलीन, डीज़ल और सीएनजी ईंधनों वाली यात्री कारों बहु-उपयोगी वाहन (एमयूवी) और बसों को शामिल किया गया। पेट्रोल, डीज़ल और सीएनजी पर चलने वाले वाहनों के लिए पीएम, एनओ$_x$ एचसी, सीओ और सीओ$_2$ के लिए उत्सर्जन संबंधी कारकों का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

	पीएम ग्राम/कि.ग्राम	एनओएक्स ग्राम/कि.ग्राम	सीओ ग्राम/कि.ग्राम	एचसी ग्राम/कि.ग्राम	सीओ$_2$ ग्राम/कि.ग्राम
यात्री कार (गैसोलीन) <1600 सीसी बीएसIII	0.001	0.0395	0.9838	0.0948	138.9405
यात्री कार (गैसोलीन) <1600 सीसी बीएसIV	0.0021	0.0683	0.8253	0.0790	113.7857
यात्री कार (डीजल) <1600 सीसी बीएसIII	0.0213	0.5483	0.3837	0.0753	137.6147
यात्री कार (डीजल) <1600 सीसी बीएसIV	0.0228	0.4113	0.2988	0.0575	139.8605
यात्री कार (सीएनजी) <1600 सीसी बीएसIII	0.0007	0.7863	3.4340	0.6790	135.7137
यात्री कार (सीएनजी) <1600 सीसी बीएसIV	0.0007	0.0340	1.0205	0.1880	101.5885
एमयूवी डीजल <3000 सीसी बीएस IV	0.0493	0.4787	0.4740	0.0493	222.2923
एमयूवी सीएनजी <3000 सीसी बीएसIV	0.0015	0.4070	1.3447	0.4273	132.7353
एचसीवी डीजल बस>5000 सीसी बीएसIII	0.4820	5.1715	4.7345	0.2118	711.1170
एचसीवी सीएनजी बस >5000 सीसी बीएसIII	0.0225	15.1555	9.2210	7.8015	632.5695